Bareilly, Monday,
23 June 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext



# 'स्वर अर्पण' स्वरों से तराने छेड़ की गीतों की बारिश



रिद्धिमा में कलाकारों ने किया मंचन.

**BAREILLY (22 June):** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम गायन कार्यक्रम स्वर अर्पण का आयोजन हुआ. इसमें गायकों ने स्वरों से तराने छेड़कर गीतों की बारिश की. कार्यक्रम का आरंभ फिल्म प्रेमगीत के सुप्रसिद्ध गाने 'होठों से छू लो तुम' से गायन के विद्यार्थी गीतू अरोरा, सोनम गुआल, अश्वथ कपूर, अर्नव कनौजिया, अद्रिका आनंद, त्रिशिका बिष्ट ने किया. विद्यार्थी अर्णव ने 'केसरिया तेरा इश्क है पिया' को अपने स्वरों में प्रस्तुत किया. विद्यार्थी स्वरित तिवारी ने 'ओ रंगरेज तेरी रंग दरिया में' को अपनी आवाज दी. गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे और विद्यार्थी डा.रजनी अग्रवाल ने 'जब मेरी हकीकत जा जा कर' गीत को प्रस्तुत किया. अतिथि कलाकार इंदू परडल ने 'मैंने लाखों के बोल सहे' को अपने अंदाज में गाया. गुरु शालिनी पांडेय ने 'नियत ए शैख भर न जाए', गुरु प्रियंका ग्वाल ने 'नजरिया लग जाएगी', गुरु स्नेह आशीष दुबे ने राग मधुवंती की छाप ताल और तीन ताल में 'शिव आदि मदवत वलवत जोगी' को श्रोताओं के सामने रखा. एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डा. एमएस बुटोला आदि रहे.